


नवभारत

भोपाल, शनिवार 27 दिसम्बर, 2025


**एक नजर में**

### ग्राम खटकिया में किसानों को किया जागरूक

**गुना।** जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम खटकिया (तहसील कुंभराज) में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि संजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (विकासखंड चांचौड़ा) रामदास सिलावट ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रासायनिक उर्वरकों पर होने वाले भारी खर्च को प्राकृतिक खेती अपनाकर कम किया जा सकता है। इससे न केवल किसानों की लागत घटेगी, बल्कि खेती लाभ का धंधा बनेगी।

# गुना के रिंग में उतरेंगे मणिपुर सहित 27 राज्यों के जूनियर बॉक्सर

## कलेक्टर बोले, मैं चाहता हूं आप भविष्य में ओलंपिक मेडल लाएं

नवभारत न्यूज

**गुना 26 दिस. का। खेल जगत में गुना जिले के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण स्थित बॉक्सिंग रिंग में 69वीं राष्ट्रीय शालेय बालक अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। यह पहला अवसर है जब गुना जिला किसी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। पूर्व में राज्य स्तरीय खेलों के सफल आयोजन के बाद गुना को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

31 दिसंबर तक राष्ट्रीय स्पर्धा में देशभर की प्रतिभाएं अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में देश के 27 राज्यों और 7 खेल संगठनों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें 420 खिलाड़ी शामिल है। वहीं बड़ी संख्या में सपोर्ट स्टाफ भी आया है। खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में देश के पूर्वोत्तर और पिछले दिनों अलग-अलग वजहों से खासे चर्चित रहे मणिपुर के खिलाड़ी भी भाग लेने गुना पहुंच गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों और



जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से इस विशाल आयोजन को मूर्त रूप दिया गया है। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से गुना को यह गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा अंडर-14 प्रतियोगिता खेल जीवन की शुरूआत है। यहाँ प्रतिस्पर्धा तो करें ही, लेकिन साथ ही एक-दूसरे से सीखें भी। मुझे उम्मीद है कि आज यहाँ रिंग में उतरने वाले खिलाड़ी भविष्य में ओलंपिक में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को आश्वस्त किया कि शिक्षा विभाग और आयोजन समिति उनके रहने और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखेगी। व्यवस्थाओं की रोजाना वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा की जाएगी। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे अपने खेल के साथ-साथ गुना के सांस्कृतिक और प्राचीन महत्व को भी जानें और प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर के दर्शन अवश्य करें।

**इस बार पन्नालाल नजर नहीं आए**

गुना में पहली बार खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में सबकी निगाहें गुना विधायक पन्नालाल शाक्य पर थीं। हालांकि वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इसकी अलग-अलग वजह सामने आए, लेकिन अधिकारिक जानकारी किसी के द्वारा नहीं दी गई। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और मीडियाकर्मियों के बीच काफी सुगबुगाहट देखी गई।



**जाम में फंसे कलेक्टर, देरी से पहुंच सके**

कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2 बजे किया जाना था। लिहाजा अधिकांश अतिथि दोपहर 3 बजे तक पहुंच गए। इनमें भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सारिका लुंबा भी शामिल थीं। लेकिन गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल जब कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुए तो उनकी कार कुछ दूर पहले जाम में फंस गई। तब तक कार्यक्रम की अधिकांश रूपरेखा शुरु हो चुकी थी। मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही थी और कुछ अतिथि भी रवाना हो चुके थे। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया, उसके बाद खिलाड़ियों को संबोधित किया। इससे पहले कार्यक्रम के दौरान एसजीएफआई ऑब्जर्वर शरद पंसारी, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल, सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरिमा टोप्पो, सहायक संचालक संतोष धाकड़, डाइट प्राचार्य एसके वशिष्ठ,जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं मध्यप्रदेश टीम मैनेजर देवेंद्र सिंह पटेरिया, दिलीप सेन, ओमप्रकाश राठौर, प्राचार्य एच.एन. जाटव, प्राचार्य मृदुला सक्सेना, प्राचार्य आरती श्रीवास्तव तथा मध्यप्रदेश टीम के कोच अंकित देशमुख उपस्थित रहे।



## मक्के के आटे से निकला प्लास्टिक जैसा पदार्थ, कलेक्ट्रेट पहुंच गया ग्राहक

**गुना।** शहर के लक्ष्मीगंज क्षेत्र स्थित एक आटा चक्की से खरीदे गए मक्का के दलिया में प्लास्टिक की मिलावट की आशंका के बाद हड़कंप मच गया है। मामले की शिकायत लेकर पीड़ित ग्राहक शुक्रवार को सीधे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गया और जांच की मांग की है। गुर्जर कॉलोनी निवासी पवन कंसोटिया के बेटे ने गुरुवार को लक्ष्मीगंज स्थित मित्तल आटा चक्की से मक्का का दलिया खरीदा था। शुक्रवार सुबह जब घर में मक्का की महेरी बनाई गई, तो आंच लगते ही दलिया अजीब तरीके से व्यवहार करने लगा। ग्राहक पवन कंसोटिया का दावा है कि चूल्हे की आंच पर दलिया पिघलकर प्लास्टिक की तरह तब्दील हो गया, जिससे उन्हें संदेह हुआ कि इसमें प्लास्टिक की मिलावट है। ग्राहक ने आशंका जताई कि यदि इस मिलावटी दलिया का सेवन किया जाता, तो यह शरीर के भीतर अंगों में चिपक सकता था और गंभीर बीमारी का कारण बन सकता था। इस मामले को लेकर जब उन्होंने दुकानदार से बात की, तो दुकानदार ने इसे नमी का असर बताया और समाधान के तौर पर दूसरा 2 किलो मक्का ले जाने की सलाह दे डाली। पीड़ित का कहना है कि यह सीधे तौर पर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है। हालांकि दलिया के सैंपल की लैब टेस्टिंग के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि उसमें वाकई मिलावट की गई है या फिर किसी अन्य वजह से महेरी प्लास्टिक की तरह बन गई है।

# वीर बाल दिवस और प्रकाश पर्व पर निकला भव्य नगर कीर्तन

**गुना। सिख समुदाय के दसवें गुरु, साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व और वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शहर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के पुरुष, महिलाएँ और बच्चे शामिल हुए।**



नगर कीर्तन शहर के मुख्य मार्गों जयस्तंभ चौराहा, तेलघानी, हनुमान चौराहा, हाट रोड, सदर बाजार और लक्ष्मीगंज से होता हुआ वापस गुरुद्वारे पहुँचा। नगरपालिका के समीप बनारसी परिवार द्वारा नगर कीर्तन और 'पंज प्यारों' का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया और उत्साहपूर्वक आतिशबाजी भी की गई। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बलवंत सिंह बनारसी ने बताया कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती को 'प्रकाश पर्व' के रूप में मनाया जाता है। इसकी पूर्व संध्या पर शहर में शोभायात्रा और पंज प्यारों का भव्य जुलूस निकाला गया, जो एकता और सेवा का संदेश देता है।

स्वागत कार्यक्रम में हॉकी मित्र मंडल के सदस्यों की विशेष उपस्थिति रही। नगर कीर्तन के दौरान पूरे मार्ग पर भक्ति का माहौल बना रहा और समाज के लोगों ने पूरे उत्साह के साथ गुरु साहब की पालकी के दर्शन किए।

## नाबालिग से शादी का दबाव बनाने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, प्राणघातक हमला कर मचाया था उत्पात



**गुना।** कैंट थाना पुलिस ने सिंगवासा क्षेत्र में हुए एक सनसनीखेज प्राणघातक हमले के मामले में त्वरित कार्यवाही की है। पुलिस ने प्रकरण के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए यह तथ्य सामने आया है कि पूरा विवाद एक 14 साल की नाबालिग बच्ची से शादी को लेकर दबाव बनाने के कारण शुरू हुआ था। आरोपी पक्ष द्वारा जबरन शादी करने की जिद और पैसों के लेनदेन को लेकर फरियादी पक्ष पर दबाव बनाया जा रहा था, जिसके विरोध करने पर आरोपियों ने हिंसक हमला कर दिया। 22 दिसंबर को सिंगवासा निवासी ममीसी बेल पारदी ने अस्पताल में उपचार के दौरान रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी भरम उर्फ धरम, तल्लीसिंह, जलसिंह, अरमान कपूर और क्रांति बेल पारदी ने उसे घेरकर गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी, चाकू व डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी, मां और बेटे को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा, जिससे उन्हें सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए घटना वाले दिन ही तीन आरोपियों—भरम उर्फ धरम कुंवर (40 वर्ष), जलसिंह (26 वर्ष) और अरमान कुंवर (18 वर्ष)—को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है। मामले के दो अन्य आरोपी तल्लीसिंह और क्रांति बेल पारदी फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

## नील वर्ल्ड, वंदना, क्राईस्ट सहित कई स्कूल बसों की हुई चेकिंग




गुना। गुना। बच्चों की सुरक्षा को लेकर गुना एसपी अंकित सोनी गंभीर नजर आ रहे हैं। उनके निर्देश पर शुक्रवार को यातायात पुलिस ने जिले के विभिन्न स्कूलों के बाहर वाहनों की सघन जांच का अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले 9 वाहनों पर 18 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ नील वर्ल्ड स्कूल, वंदना स्कूल एवं क्राइस्ट स्कूल के समक्ष स्कूल बसों, वैन एवं ऑटो रिक्शा की सघन जांच की। जांच के दौरान प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने वाहन चालकों और स्टाफ से सीधा संवाद कर उन्हें सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की समझाइश दी। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को निर्देशित किया कि वाहनों की गति निर्धारित सीमा के भीतर रखी जाए। मेडिकल फर्स्ट-एड बॉक्स में सभी आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध हों। फायर एक्सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) सही स्थिति और पर्याप्त संख्या में हों। वाहनों के आपातकालीन गेट पूरी तरह दुरुस्त हों। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निदेर्शों का कड़ाई से पालन किया जाए।

**अभिभावकों से भी की गई अपील**

कार्यवाही के दौरान यातायात विभाग ने अभिभावकों से भी विनम्र अपील की कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के साथ समझौता न करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसे ऑटो या वैन से स्कूल न भेजें जिनमें क्षमता से अधिक बच्चे बिठाए जाते हों या जिनमें अवैध एलपीजी सिलेंडर जैसे खतरनाक साधनों का उपयोग किया जा रहा हो।

## सोजना चक में हाई वोल्टेज ड्रामा, जेसीबी के आगे लेटीं महिलाएं, वन विभाग को बैरंग लौटाया

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोजना चक में उस वक्त भारी तनाव की स्थिति निर्मित हो गई, जब वन विभाग की टीम भारी पुलिस बल और दो-तीन जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची। ग्रामीणों के उग्र विरोध और महिलाओं के जान देने की जिद के आगे अंततः प्रशासन को पीछे हटना पड़ा है। जैसे ही वन विभाग का अमला गांव में दाखिल हुआ, ग्रामीण अपने हाथों में जमीन के दस्तावेज, खसरा और खतौनी लेकर टीम की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों का दावा है कि वे पिछले 50 वर्षों से इस भूमि पर काबिज हैं और उन्होंने यह जमीन किसी स्थानीय व्यक्ति से खरीदी है। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पूर्वजों का जन्म भी इसी जमीन पर हुआ है, फिर इसे अतिक्रमण कैसे माना जा सकता है? कार्रवाई के दौरान महिलाओं का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। महिला पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की हुई। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब महिलाएं जेसीबी मशीनों के सामने लेट गईं और चेतावनी दी कि वे अपनी जान दे देंगी लेकिन जमीन खाली नहीं करेंगी। ग्रामीणों ने यहां तक कह दिया कि यदि उन्हें जबरन हटाया गया, तो वे जहर खाकर सामूहिक आत्मदाह कर लेंगे। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग के लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पैसे देने पर विभाग ट्रैक्टर चलाने देता है, लेकिन पैसे न देने पर प्रताड़ित किया जाता है।

### हॉस्पिटल में सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर

**गुना।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरोन हॉस्पिटल परिसर में एढटरटअ शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं और मरीजों ने पहुँचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं और परामर्श का लाभ उठाया। शिविर के दौरान कुल 31 गर्भवती महिलाओं का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जाँच के उपरांत, गंभीर चिकित्सकीय आवश्यकता को देखते हुए 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जाँच के लिए रेफर किया गया। इसके साथ ही, शिविर में आई अन्य महिलाओं की ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और वजन जैसी आवश्यक जाँचें भी की गईं।



## बमौरी में विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले पूर्व मंत्री सिसोदिया

**गुना।** प्रदेश के पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया बमौरी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों एवं संबंधित विषयों को लेकर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिले। मुख्यमंत्री से भेंट को लेकर पूर्व मंत्री सिसोदिया ने बताया कि बमौरी विधानसभा में उनके कार्यकाल में स्वीकृत महाविद्यालय का भवन तैयार हो चुका है। अगले शैक्षणिक सत्र के पूर्व महाविद्यालय में आवश्यक स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति की जाए साथ ही मार की महू व म्याना अस्पताल के लिए आधारभूत संरचना, फर्नीचर, स्टाफ आदि की स्वीकृति भी प्रदान करने की मांग की है, जल्द स्वीकृत होने का आश्वासन प्राप्त हुआ है।

**आवास मेला** ▶ जिले के जगनपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास मेला में अब तक 58 पंजीयन हुए

# अब जगनपुर में एलआईजी भवनों के लिए उमड़ी भीड़

**गुना। जगनपुर स्थित प्रधानमंत्री आवास स्थल पर आयोजित 'आवास मेला' शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले के दौरान नागरिकों में अपने सपनों का घर चुनने के लिए भारी उत्साह देखा जा रहा है। गुरुवार को मेले में 09 नए एलआईजी भवनों का पंजीयन किया गया, जिसके साथ ही अब तक कुल एलआईजी पंजीयनों की संख्या 58 तक पहुँच गई है।**




बुधवार को सभी एमआईजी भवनों के पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अब नागरिकों का पूरा ध्यान एलआईजी भवनों पर है। आवास मेले के दौरान दिनभर फ्लैट्स देखने वालों का तांता लगा रहा। लोग अपने परिवार के साथ पहुँचकर भवनों की गुणवत्ता और सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री ने जानकारी दी कि इच्छुक नागरिक नगर पालिका कार्यालय में आकर भी अपनी पसंद के एलआईजी भवनों का पंजीयन करा सकते हैं और उन्हें क्रय कर सकते हैं। सीएमओ मंजुषा खत्री ने उन हितग्राहियों को सख्त चेतावनी दी है जिन्होंने पूर्व में एमआईजी या एलआईजी भवनों का पंजीयन तो कराया है, लेकिन शेष राशि अभी तक जमा नहीं की है। उन्होंने बताया कि ऐसे सभी नागरिकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यदि 30 दिसंबर तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में जमा की गई पंजीयन राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा राजसात (जब्त) कर लिया जाएगा और वह भवन अन्य इच्छुक हितग्राही को आवंटित कर दिया जाएगा।

**शीघ्र राशि जमा करने की अपील**

नगर पालिका ने सभी पंजीयनकताओं से अपील की है कि वे किसी भी कानूनी अड़चन या आर्थिक नुकसान से बचने के लिए शीघ्र अपनी शेष राशि जमा कराएं ताकि उन्हें समय पर भवनों का आवंटन कर कब्जा सौंपा जा सके। आज के शिविर के दौरान नगर पालिका की ओर से सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद रघुवंशी, कमल नयन मिश्रा, शोभित जादौन, त्रिलोक शर्मा तथा कंसल्टेंट एजेंसी 'एजिस' से मनीष उपस्थित रहे और हितग्राहियों को तकनीकी व कानूनी जानकारी प्रदान की।

## कार से तस्करी की जा रही 8 पेटी अवैध शराब जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**गुना।** बीती रात शराब तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक टाटा टियागो कार से 8 पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है और एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कैंट पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि इमझरा गांव की ओर से एक कार में अवैध शराब लेकर दो व्यक्ति गुना आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने इमझरा रोड स्थित पुलिया पर घात लगाकर कार का इंतजार किया। जैसे ही कार मौके पर पहुंची, पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर कार में सवार एक व्यक्ति फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया। पकड़े गए चालक ने अपना नाम संदीप जाट (30 वर्ष), निवासी ग्राम चौरोल बताया। पुलिस ने जब कार की डिग्गी की तलाशी ली, तो उसमें से देशी शराब की 8 पेटियां (कुल 400 क्वार्टर) बरामद हुईं। जब्त की गई 72 लीटर शराब की कीमत लगभग 40 हजार रुपये और तस्करी में प्रयुक्त टाटा टियागो कार की कीमत साढ़े चार लाख रुपये बताई जा रही है। कुल 4 लाख 90 रुपये का माल पुलिस ने जब्त किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह शराब अशोकनगर की ओर से खरीदकर गुना में बेचने के लिए ला रहा था। उसने फरार हुए अपने साथी का नाम अईया जाट (निवासी ग्राम रिछैरा) बताया है।

## वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर आयोजित, 139 हितग्राही हुए चिन्हित




**कुंभराज।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार नगर परिषद कुंभराज में वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु एक विशाल चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों को उनकी शारीरिक अक्षमताओं को दूर करने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराना है। शिविर में कुंभराज नगर और आसपास के क्षेत्रों से कुल 271 वृद्धजन एवं दिव्यांगजन उपस्थित हुए। शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम ने बारीकी से सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पात्रता मानदंडों के आधार पर कुल 139 हितग्राहियों का सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया गया। इन चिन्हित हितग्राहियों को जल्द ही शासन की ओर से आवश्यकतानुसार उपकरण प्रदान किए जाएंगे। चिन्हांकन की प्रक्रिया को वैज्ञानिक पद्धति से पूर्ण करने के लिए एलिमको जबलपुर से आए विशेषज्ञ नरेंद्र कुमार (पी एंड ओ), महेंद्र कुमार (पी एंड ओ) और ऑडियोलॉजिस्ट कृष्ण गुप्ता ने अपनी सेवाएं दीं। विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगता के प्रकार और स्तर की जांच कर सही उपकरण का सुझाव दिया गया। सीएमओ अशोक कुमार पटेल के निर्देशन में आयोजित इस शिविर को सफल बनाने में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह किरार, एआरआई प्रमोद शर्मा एवं नगर परिषद कुंभराज के समस्त कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।